न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी श्री नरेश सोनी आर.ए.एस.

मुकदमा नंबर 285 /2021

प्रार्थी	बनाम	विप्रार्थीगण
राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा		1. हाथीराम पुत्र मोटाराम चौधरी 2. नेनू पत्नि कानाजी पुत्रवधु वरदाजी चौधरी 3. लादूराम गोदपुत्र हठाराम कौम कलबी 4. सनियादेवी पत्नि घेवाराम कौम कलबी 5. ईश्वरराम, प्रागाराम, सूजाराम, पांचाराम पि. झूठाराम, भेमाराम, जोराराम, रूगाराम पि0 खुशालाराम, सिणगारी देवी पत्नि खुशालाराम, नवाराम, डामरराम, आम्बाराम पि. गोका कौम कलबी तहसील पचपदरा जिला बाड़मेर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू–राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू–अभिलेख नियम 1970

आदेश **दिनांक 09.11.2021**

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, को रास्ते के रूप में दर्ज करने के निर्देश प्रदान किये गये है। ग्राम बुड़ीवाड़ा में एक ग्रेवल सड़क /डामर सड़क / बारहमासी मार्ग जो भी लागू हो बुड़ीवाड़ा से जोड़ने वाली सड़क कटान रास्ता तक वर्तमान में चल रहा है। ग्राम बुड़ीवाड़ा के खसरा नम्बर 901/264 रकबा 35–08 बीघा में से 0–07 बीघा, खसरा नम्बर 897/263 रकबा 37–01 बीघा में से 0–16 बीघा, खसरा नम्बर 1157/262 रकबा 36–04 बीघा में से 0–01 बीघा, खसरा नम्बर 1156/262 रकबा 36–04 बीघा में से 0–10 बीघा, खसरा नम्बर 216 रकबा 52–12 बीघा में से 0–12 बीघा, भूमि में उक्त रास्ता चल रहा है, जिसका नजरी नक्शा प्रस्तावित रास्ता बरंग लाल :::: में किया गया है, उक्त कटान रास्ता तक रास्ता दर्ज करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 को दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया।

प्रशासन गांवों के संग अभियान को [illegible] 5 की और कुछ संबंधित खातेदार उपस्थित हुऐ रास्ता कटान किये जाने [illegible] रूप अपने हस्ताक्षर किये गये। और ग्राम में रास्ता कटान हेतु [illegible] किया गया कि ग्राम को जोड़ने वाली सड़क कटान [illegible] भूमि संबंधित खाता में खातेदार के नाम ही दर्ज होगी, इसमें किसी प्रकार की आमजन को असुविधा नहीं होगी, बल्कि रास्ता आमजन के लिए अधिक सुविधा जनक यह रास्ता होगा। चुंकि राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, को रास्ते के रूप में दर्ज करने के निर्देश प्रदान किये गये है, रास्ते की भूमि संबंधित खातेदार के नाम ही यथावत दर्ज रहेगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.14 19:14:05 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा की बहस सुनी गई एवं पत्रावली का अवलोकन किया बाद अवलोकन एवं समूची स्थिति पर विवेचन किया गया उक्त प्रकरण राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत मे मोजूद है तथा आम पब्लिक इस रास्ते को आवागमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है। रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना उचित है। रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाता है तो कोई आपत्ति नहीं है। हल्का पटवारी ने भी मौके पर रास्ता चालू हालत मे होने की ताईद की है व कोई आपति जाहिर नही की है। भूमी धारक तहसीलदार पचपदरा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को अस्वीकार करने का कोई आधार पत्रावली पर नही है।

पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व अध्ययन किया। बाद गौर तहसीलदार पचपदरा की ओर से ग्राम में रास्ता कटान हेतु के ग्रामों ढाणियों व मजरों के अवरूद्व रास्ते के लिए जोड़ने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार करना न्यायोचित होने से तथा मौके पर चल रहे रास्ते जिसका अंकन/तरमीम नक्शा लट्ठा ट्रेस मे तरमीम का आदेश देना न्यायोचित है।

प्रार्थी तहसीलदार पचपदरा के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र को स्वीकार कर ग्राम में पडोस के ग्रामों ढाणियों व मजरों के अवरूद्व रास्ते को जोड़ने वैकल्पिक रास्ता वर्तमान में चल रहा है, जिसे ग्राम बुड़ीवाड़ा के खसरा नम्बर 901/264 रकबा 35–08 बीघा में से 0–07 बीघा, खसरा नम्बर 897/263 रकबा 37–01 बीघा में से 0–16 बीघा, खसरा नम्बर 1157/262 रकबा 36–04 बीघा में से 0–01 बीघा, खसरा नम्बर 1156/262 रकबा 36–04 बीघा में से 0–10 बीघा, खसरा नम्बर 216 रकबा 52–12 बीघा में से 0–12 बीघा, भूमि रास्ते हेतु प्रभावित प्रस्तावित नजरी नक्षा रास्ता बरंग लाल ::::: मुताबिक तरमीम एवं शेष रही भूमियों का विवरण तरमीम खतोनी परिशिष्ट 'अ' के अनुसार राजस्व रेकर्ड में अंकन करने का आदेश तहसीलदार पचपदरा को दिये जाते है , उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत अनुसार संबंधित खातेदारान के नाम खाते से ही दर्ज रहेगा। तरमीम खतोनी परिशिष्ट 'अ' एवं प्रस्तावित नजरी नक्षा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा ।

उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) बालोतरा

(नरेश सोनी)
भू–अभिलेख अधिकारी,
(एसडीओ) बालोतरा
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.14 19:14:05 IST
Reason: SelfAttested